सार-समाचार

सड़क निर्माण की गुणवत्ता मिली खराब

गंगापुर सिटी, (निसं)।उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने गंगापुर सिटी बायपास पर सडक चौडाईकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में सड़क निर्माण की गुणवत्ता खराब पाई गई। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सडक की गुणवत्ता में किसी भी तरह की खामी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लालसोट-गंगापुर-करौली राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 23) को 7 मीटर से बढ़ाकर 10 मीटर किया जा रहा है। एक साल बीत जाने के बाद भी यह काम अधूरा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो काम हुआ है, उसमें भी सिर्फ मिट्टी ही दिखाई दे रही है। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने एनएच के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि चौडाईकरण का मतलब सिर्फ चौक से लाइन खींचना नहीं है। उन्होंने काम में तेजी लाने और पूर्ण गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक और भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान मंजू गुर्जर, पूर्व उपसभापति दीपक सिंघल और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

फरार चल रही इनामी महिला गिरफ्तार

करौली, (निसं)। ट्रिपल मर्डर हत्या के प्रकरण में मासलपुर थाना पुलिस ने 24 साल से फरार चल रही 10हजार रुपये कि इनामी आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है जिसकी गिरफ्तारी में परमजीत सिंह कांस्टेबल और राजेश कांस्टेबल कि अहम भूमिका रही। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में लोकल, स्पेशल एक्ट एवं वांछित अपराधियों कि गिरफ्तारी हेतु चला रखे वांटेड अभियान के तहत अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक गुमनाराम के सुपरविजन में एवं व्रत स्तर पर अनुज शुभम पुलिस उपाधीक्षक द्वारा कि जा रही घर पकड़ अभियान के तहत मासलपुर थाना पुलिस टीम ने टोडाभीम थाने के प्रकरण संख्या 922001 धारा 302 आईपीसी में 24 साल से फरार एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट टोडाभीम से मफरुर वारंटिया महिला उम्मेदी पत्नी कल्याण सिंह राजपूत निवासी पीलवा थाना नई मंडी हिंडौन को रहुवास इलाका जिला दौसा से गिरफ्तार किया मासलपुर थाना अधिकारी ने बताया कि उक्त महिला आरोपी कि गिरफ्तारी पर जिला पुलिस अधीक्षक करौली द्वारा 10हजार रुपये कि इनाम घोषित थी।

स्मैक तस्कर का आरोपी गिरफ्तार

करौली, (निसं)। सदर थाना पुलिस ने स्मैक तस्कर आसाराम मीणा को करौली के सेलोकर हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार किया स्मैक तस्कर के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों पर पूर्व के सात मुकदमा दर्ज है। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में जिले भर में अवैध मादक पदार्थ कि तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे घर पकड़ अभियान के तहत सदर थाना पुलिस ने स्मैक तस्कर आसाराम मीणा को गिरफ्तार किया सदर थाना अधिकारी वासुदेव प्रसाद ने बताया कि गठित पुलिस टीम के साथ और मुखबिर कि सूचना पर दविस दी गई जिस सूचना पर स्मैक तस्कर की घेराबंदी कर पुलिस लाइन करौली के पास स्थित सेलोकर हनुमान जी मंदिर के पास से गिरफ्तार किया उन्होंने बताया कि इसके विरुद्ध जिले के कोतवाली थाने पर 3,सदर थाने 1 लांगरा थाने पर 2 और मंडरायल थाने पर एक मुकदमा पूर्व से ही दर्ज है।

रामायण संवाद प्रतियोगिता आयोजित

भरतपुर, (निसं)। बिहारी जी मंदिर पर नव दिवसीय राम कथा के सातवें दिन श्री ब्राह्मण समाज द्वारा रामायण संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें शहर की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। श्री ब्राह्मण समाज की सीमा शर्मा एवं बबीता शर्मा ने बताया कि इसमें प्रतियोगियों को पात्रों का अभिनय करना है। अध्यक्ष संगीता शर्मा एवं महामंत्री अनुराधा शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रथम ललितेश , (कुंभकरण) द्वितीय मीरा गोयल (शबरी,) तृतीय मोनिका (कैकई)रही। रंजना पाराशर एवं राजकुमारी ने बताया इसके अलावा पारुल अठावाल ,पायल गोयल, निधि, दीपशिखा, नीरू ,सीता शर्मा ,सुनीता सिंगल, प्रांजल ,अहाना आदि प्रतियोगियों ने भाग लिया एवं नीलम जी एवं कल्पेश जी ने बताया सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी से सीता, आशा शर्मा, विजय , रिचा शर्मा ,आशा और काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही

शोभा यात्रा का होगा आयोजन

हिण्डौन सिटी, (निसं)। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा रामनवमी पर भी भव्य एवं विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।प्रखण्ड अध्यक्ष संदीप बैनीवाल ने बताया कि इस शोभा यात्रा में संगठन के कार्यकर्ता बाइक पर भगवा झंडे पकड़कर डीजे के साथ पंक्तिबद्ध होकर चलेंगे।इस संबंध मे बजरंग दल कार्यकर्त्ताओ ने सगन जनसंपर्क कर शोभायात्रा मे सभी हीदु समाज को आमंत्रित किया है इस भगवा यात्रा की जिम्मेदारी तय करते हुऐ प्रखण्ड मंत्री महेंद्र जी,पूर्व प्रखण्ड मंत्री भारत सोलंकी, प्रखण्ड संयोजक अमन मुद्गल नगर अध्यक्ष अमित मंगल नगर संयोजक राजकुमार प्रजापत को व्यवस्था हेतु जीमेदारी दी गई। इन सभी कार्यकर्ताओ की निगरानी में ये भव्य शोभायात्रा रामनवमी के दिन रविवार को शाम 4:00 बजे सेवाबारी हनुमान मंदिर शाहगंज से प्रारंभ होकर छोटा बाजार, नीम का बाजार, सराफा बाजार, मनीराम पार्क, हॉस्पिटल रोड होते हुए एक्सचेंज चौराहा,कोर्ट से बयाना मोड़ होते हुए टीकाकुंड हनुमान मंदिर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करके इस शोभायात्रा को संपन्न किया जायेगा।

महाराजा सूरजमल की प्रतिमा को खण्डित करने वाला गिरफ्तार

हिण्डौन सिटी/सूरौठ, (निसं)।। भरतपुर पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश,करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृजेशज्योति उपाध्याय व अति. पुलिस अधीक्षक हिण्डौनसिटी सत्येन्द्र पाल, आरपीएस के निर्देशन में डिप्टी गिरधरसिंह आरपीएस के सुपरवीजन में थानाधिकारी महेश कुमार उप निरीक्षक मय टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए ठाम हुक्मीखेंडा में महाराजा सूरजमल की प्रतिमा को खण्डित करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी सूरौठ ने बताया कि मध्य रात्रि को थाना इलाके के ग्राम हुक्मीखेड़ा में स्थापित महाराजा सूरजमल की प्रतिमा को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खण्डित किया गया पुलिस प्रशासन ने घटना की गंभीरता को देखते हुये आरोपी की तलाश हेतु टीम गठित कर गहनता से तलाश की गई इस दौरान घटना के सम्बन्ध में संदिग्ध व्यक्तियों की सीडीआर निकलवाई जाकर विश्लेषण किया गया एवं गांव हुक्मीखेडा में गठित टीम द्वारा खुफिया एवं एलानिया तौर पर जानकारी करने पर सामने आया कि गांव हुक्मीखेडा में जाट समाज एवं गांव के लोंगों द्वारा चंदा राशि एकत्रित कर स्थापित की गई महाराजा सूरजमल की प्रतिमा को तोड़कर खंडित करने में अजय उर्फ टूल्या जोगी भी हो सकता है जो आदतन शराबी है जिसको घटना के संबंध में संदिग्ध आरोपी अजय उर्फ टुल्या पुत्र सुरेश उर्फ बौना जाति जोगी उम्र 25 साल निवासी हुक्मीखेडा

पुलिस ने महाराजा सूरजमल की प्रतिमा को खण्डित करने वाला आरोपी गिरफ्तार किया।

थाना सूरौठ जिला करौली से पूछताछ व तफतीस की गई जिसने दौराने पूछताछ बताया कि आज से करीब एक साल पहले हमारे समाज जोगी (नाथ) के शमशान स्थल पर गांव हुक्मीखेडा में पशु औषधालय के सामने हमारे समाज द्वारा गुरु गौरखनाथ का बोर्ड रोड किनारे लगवाया गया था जिसको किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके लोहे के एगल को मोडकर तोड़ दिया था मुझे शंका थी कि यह किसी जाट जाति के व्यक्ति की करतूत हो सकती है इस बात पर अजय उर्फ टुल्या जोगी भी वहुत दुखी था हाल में ही 2 जनवरी 2025 को गांव हुक्मीखेडा में गांव वालों व विशेषकर जाट समाज द्वारा रा उ मा वि हुक्मीखेडा के मैन गेट के पास चौक में जनसहयोग से चंदा राशि एकत्रित कर महाराजा सूरजमल की मूर्ति ऊंचे चबूतरे पर घोडे पर सवार स्थापित कराई थी दिनांक 27-28 मार्च 2025 की रात में अजय उर्फ टुल्या कैलादेवी की पदयात्रा से वापस घर आने पर शराब पीकर पूरी रात गांव में घूमता रहा। रात को जब वह अपने घर से जब सतीश पंडित के घर की तरक चौक से गुजर रहा था तो उसके दिमाग में आया कि आज से जाटों

के महाराजा सूरजमल की मूर्ति के पैर को पत्थर से तोड देता हू तब पास में पड़े पत्थरों से महाराजा सूरजमल के जूते की नोंक तोड दिया। मुल्जिम द्वारा अपना जुर्म कबूल किया जाने पर मुल्जिम अजय उर्फ दुल्या पुत्र सुरेश उर्फ बौना जोगी (24) निवासी हुक्मीखेडा को गिरफ्तार किया।गठित टीम थाना प्रभारी महेश चंद्र मीणा, एएसआई रामनिवास सिंह, हैड कांस्टेबल विष्णु गुर्जर, कांस्टेबल कन्हैया शर्मा , देशराज गुर्जर, राजेश अजय कुमार के द्वारा वारदात का खुलासा कर आरोपी को किया गिरफ्तार , गठित टीम द्वारा करीबन 150 लोगों से पूछताछ कर संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखकर मुर्ति खंडित करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर खुलासा किया गया विशेष रूप वारदात का खुलासा करने में कांस्टेबल अजय कुमार व राजेश कि अहम भूमिका रही।

सड़क पर बह रहा पेयजल

गंगापुर सिटी, (निसं)। ग्राम पंचायत महूकलां में पीएचईडी विभाग द्वारा लगाई गई नई पानी की व्यवस्था विफल हो गई है। एकता कॉलोनी नयापुरा और बैंक कॉलोनी में हाल ही में स्थापित नई पानी की टंकी और पाइप लाइन गुणवत्ता में खरी नहीं उतर रही है।

समाजसेवी आरसी गुर्जर के अनुसार ठेकेदार और विभागीय कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार करते हुए घटिया क्वालिटी की पाइप लाइन बिछाई है। पंप हाउस से जब भी पानी की सप्लाई शुरू होती है, पाइप लाइन फट जाती है। इससे पीने का पानी बेकार ही सडकों और नालियों में बह जा रहा है। शुक्रवार दोपहर को एक बार फिर पाइप लाइन फट गई। स्थानीय लोगों ने ठेकेदार और विभाग को सूचित किया, लेकिन कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। ठेकेदार ने तो अपना मोबाइल फोन भी बंद कर लिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनकी मांग है कि अच्छी गुणवत्ता की नई पाइप लाइन बिछाई जाए।

जताया आक्रोश

गंगापुर सिटी, (निसं)। दौसा जिले के रामगढ पचवारा बस स्टैंड पर स्थापित महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की मूर्ति को असामाजिक तत्वों ने खंडित कर दिया। आक्रोशित बिरसा मुंडा आर्मी के सदस्यों ने गंगापुर सिटी मिनी सचिवालय में विरोध प्रदर्शन किया। जवान सिंह मोहचा, महेश एडवोकेट, राजेश सहित कई लोगों ने मिनी सचिवालय में एकत्र होकर नारेबाजी की।

आमजन को सुचारू पेयजल आपूर्ति कराना सरकार की प्राथमिकता : जलदाय मंत्री

जयपुर। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व भूजल विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी एवं कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की संयुक्त अध्यक्षता में शुक्रवार को आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए सवाई माधोपुर एवं करौली जिलों की पेयजल व्यवस्था को बेहतर करने के उद्देश्य से विभागीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जलदाय मंत्री ने ईसरदा बांध परियोजना में सवाई माधोपुर, चौथ का बरवाड़ा उपखण्ड के निकटवर्ती गांवो को सम्मिलित कर पेयजल आपूर्ति हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश अतिरिक्त मुख्य अभियंता परियोजना क्षेत्र भरतपुर को प्रदान किए। उन्होंने पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए खण्डार नगर पालिका एवं बहरावण्डा खुर्द में नवीन पेयजल परियोजना हेतु प्रस्ताव बनवाकर भिजवाने के निर्देश भी दिए। साथ ही सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अमृत 2.0 परियोजना के तहत क्षेत्रों का चिन्हिकरण कर सड़क निर्माण कार्यो से पूर्व ही पाईपलाइन बिछवाने के निर्देश प्रदान

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व भूजल विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी एवं कृषि उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

किए ताकि सुनियोजित रूप से कार्य कर राजस्व का सद्उपयोग किया जा सकें। खण्डार विधानसभा क्षेत्र के गांवों को ललोई सागर बांध एवं बनास नदी पर पीपलेट देह तथा शहर सवाई माधोपुर को बनास नदी स्थित चाणक्य देह से एवं चौथ का बरवाड़ा के गांवों को पीपलवाड़ा से पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु सर्वे कर आवश्यक कार्ययोजना/प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किये गये।

जलदाय मंत्री ने स्पष्ट किया कि पेयजल व्यवस्था में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी और ठेकेदारों द्वारा कार्य में देरी करने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिला मुख्यालय पर विभागीय कार्यो में लापरवाही बरतने एवं परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सवाई माधोपुर के सहायक अभियंता को तुरन्त प्रभाव से मौके पर ही एपीओं करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने, नलकूपों को विद्युत कनेक्शन से जोड़ने तथा टीम भावना से कार्य कर निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता वाले स्थानों पर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की देरी नहीं की जाए, जहां जरूरत हो वहां ट्यूबवैल, हैण्डपम्प स्थापित करें और पीने का पानी मुहैया कराने के लिए सभी उपलब्ध विकल्पों का इस्तेमाल करें।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के समन्वय से 30 वर्षों की जल आवश्यकता को ध्यान में रखकर कार्ययोजनाएं बनाई जाएं।

सार-समाचार

पांचना से जल निकासी का शुभारंभ



करौली, (निसं)। पांचना बांध के दो गेट खोलकर नदी क्षेत्र में पानी कि निकासी शुरू की इससे पूर्व जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने नदी क्षेत्र के लोगों को सावचेत रहने कि अपील कि। हर वर्ष कि भांति श्री महावीर जी में श्री महावीर जी के लगने वाले मेले में भगवान जिनेंद्र कि प्रतिमा का जलाभिषेक के लिए इस वर्ष भी शुक्रवार को पांचना बांध के दो गेटो से पानी कि निकासी शुरू की बांध से 350 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा शुक्रवार को बांध के पानी का जलस्तर 257.25 मीटर था ज्ञात रहे श्री महावीर जी मेले में धार्मिक परंपराओं कि पूर्ति के लिए हर वर्ष की भांति शुक्रवार को पांचना के दो गेट खोलकर जल निकासी शुरू की और जल के महावीर जी पहुंचने पर लोग पूजा अर्चना करेंगे बांध से पानी की निकासी करने से नदी में पानी आने से जल स्त्रोत भी रिचार्ज होंगे और क्षेत्र के पशु पक्षियों को गर्मी के दौर में पीने के लिए पानी मिलेगा।

परामर्श शिविर का आयोजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के पार्क में सीपी हॉस्पिटल और कुशालगढ क्लब की ओर से चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। मॉर्निंग वॉक के दौरान 150 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई। इस दौरान शुगर, ब्लड प्रेशर और वजन की जांच की गई। गुजरात स्टेट कोऑर्डिनेटर अनुराधा मीणा ने शिविर में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। उन्होंने कहा कि आने वाले गर्मी के मौसम में पक्षियों को दाना-पानी के लिए भटकना नहीं पडेगा। सीपी हॉस्पिटल ब्लड बैंक इंचार्ज सचिन शर्मा ने क्लब की इस पहल की सराहना की। उन्होंने सभी को एनर्जी ड्रिंक भी वितरित की। शिविर में लोगों को नियमित योग और व्यायाम करने की सलाह दी गई। बताया गया कि इससे शरीर स्वस्थ रहता है और कई बीमारियों से बचाव होता है। कार्यक्रम में क्लब प्रभारी लक्ष्मीकांत शर्मा, बंटी डेंटल, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. हिमांशु शर्मा, मिथिलेश बैरवा, सोनू शर्मा और कन्हैया कुमार मौजूद रहे।

ट्रेन की चेपट से महिला की मौत

गंगापुर सिटी, (निसं)। दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर नारायणपुर टटवाडा स्टेशन के पास शुक्रवार को एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड जमा हो गई। महिला की पहचान ओडच थाना सपोटरा निवासी कमलेश (35) के रूप में हुई है। घटना की सूचना स्टेशन उप प्रबंधक से सदर थाना पुलिस को मिली। खंभा नंबर 1078/19 के पास हुई इस घटना के बाद मौके पर भीड जमा हो गई। सदर थानाधिकारी बनै सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने आस पास मौजूद लोगों से पूछताछ कर महिला की पहचान की। शव को गंगापुर सिटी सरकारी अस्पताल की मॉर्चुरी में रखा गया है। पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचना दी। ससुराल और मायके पक्ष के परिजनों के पहुंचने के बाद मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया गया। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

उपकारागृह में विचाराधीन बंदी की मौत

गंगापुर सिटी, (निसं)। उपकारागृह में हत्या के मामले में बंद 75 वर्षीय विचाराधीन बंदी भागीरथ रैगर की मौत हो गई। उसे गुर्दे और फेफडों की बीमारी के साथ टीबी भी थी। जेलर सुखवीर सिंह ने बताया कि उमरी निवासी भागीरथ को 28 मार्च को गंगापुर सिटी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से उसे जयपुर रेफर किया गया। 2 अप्रैल को रात में उसे वापस गंगापुर सिटी लाया गया। 4 अप्रैल को अचानक भागीरथ की तबीयत बिगड गई। जेल प्रशासन उसे तुरंत गंगापुर सिटी सरकारी अस्पताल ले गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सवाई माधोपुर न्यायिक अधिकारी के निर्देशानुसार, गंगापुर सिटी न्यायिक अधिकारी सुनीता यादव की उपस्थिति में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

सफाई निरीक्षकों की सभापति ने ली बैठक

गंगापुर सिटी, (निसं)। नगर परिषद सभापति ने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर स्वच्छता ब्रांड एमेसटर एवं सफाई निरीक्षकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नगर परिषद कार्यालय में सभापति शिवरतन अग्रवाल ने सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक ली जिसमें सभी स्वच्छता ब्रांड अंबेडसर एवं सफाई निरीक्षकों से विचार विमर्श किया सभी ने अपने अपने विचार रखे। सभापति ने सफाई निरीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक क्षेत्र के सफाई कर्मियों की ड्यूटी है कि वह अपने-अपने सर्किल क्षेत्र के कचरा डिपों के साथ-साथ गली-मौहल्लों तथा चौराहों की साफ-सफाई पर फोकस करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित सफाई कर्मी अपने सर्किल एरिए के पार्षदगणों से समन्वय स्थापित करें तथा उनसे वार्ड में स्थापित कचरा डिपो तथा जहां पर नियमित साफ-सफाई नहीं हो रही है के बारे में जानकारी ले और शीघ्र ही वहां पर साफ-सफाई करवाए। सभापति ने शहरवासियो से कचरा ऑटो टीपर में गिला सूखा कचरा अलग अलग संग्रहण कर डालने की अपील की। इस दौरान स्वच्छता ब्रांड अंबेडसर अंजू मालधनी, सरोज गर्ग, गुंजन शर्मा, वर्षा नाटाणी, राहुल गुप्ता, रामभरोसी शर्मा, सफाई निरीक्षक कमलेश कुमार, सफाई निरीक्षक नवीन धामोनिया, जमादार बबलू, विकास हुपर, पप्पू, केशव, हउआ आदि उपस्थित रहे।

'शोभायात्रा में वाहनों व झांकियों की ऊंचाई 10 फीट से अधिक नहीं रखें'

भरतपुर,(निसं)।। श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर 6 अप्रैल को शहर में प्रस्तावित शोभा यात्रा के संबंध में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा सहित प्रशासनिक, पुलिस अधिकारी एवं शोभायात्रा आयोजन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जिला कलक्टर ने कहा कि श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर प्रस्तावित शोभायात्रा में सभी नागरिक आपसी सौहार्द व भाईचारे व समन्वय के साथ उत्सव में भाग लें। उन्होंने शोभायात्रा के मार्ग मे पुलिस प्रशासन के साथ ही वॉलेन्टीयरर्स भी तैनात करें जिनके विशेष बैज लगे हों। शोभायात्रा में चलने वाले वाहनों, झांकियों की उँचाई 10 फीट से अधिक नहीं रखी जाये ताकि कोई अप्रिय विद्युत जनित घटना नहीं हो। उन्होंने शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह स्वागत के दौरान प्लास्टिक उत्पादों उपयोग नहीं करने, एक-दूसरे की भावानाओं का सम्मान करते हुये भाग लेने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा मार्ग एवं शहर में अन्य मार्गों पर बाईकर्स ध्वज लगाकर अनावश्यक भ्रमण नहीं करें तथा तेज

श्रीराम जन्मोत्सव पर प्रस्तावित शोभा यात्रा के संबंध में जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

आवाज में डीजे नहीं बजाऐं इसके लिये प्रशासन के साथ ही आयोजन समिति समझाइश करें जिससे शोभायात्रा परम्परागत रूप से सम्पन्न हो सके।

जिला पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शोभायात्रा शांतिपूर्वक सभी जनमानस की भावनाओं का सम्मान करते हुये पूरी की जाये। उन्होंने शोभायात्रा में शामिल वाहनों की फिटनेस चैक करवाने, झांकियों के निर्माण में लोहा या मैटल का उपयोग नहीं करने तथा किसी भी तरह के अस्त्र-शस्त्र साथ लेकर नहीं चलने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल को शोभायात्रा मार्ग के साथ ही शहर में विभिन्न स्थानों, बाहरी क्षेत्रों में भी पुलिस जाप्ता तैनात किया जायेगा। प्रत्येक डीजे के साथ पुलिस जवान भी रहेगा, सभी भवनों की छतों पर वीडियोठाफी व पुलिस जवान की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा के समय यातायात का प्लान बना लिया गया है, मुख्य मार्ग पर अन्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं की जानकारी पुलिस प्रशासन को देने एवं डीजे पर अन्य सम्प्रदायों को प्रभावित करने वाले गानों का उपयोग नहीं करने का आव्हान किया। आायोजन समिति के प्रेमसिंह कुंतल ने बताया कि शोभायात्रा 6 अप्रैल को सांय 3 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण से शुरू होकर लक्ष्मण मंदिर, मुख्य बाजार, बिजलीघर होते हुये एमएसजे कॉलेज मैदान में श्रीराम आरती के सम्पन्न होगी। अनुराग गर्ग ने बताया कि वॉलिंटियर्स नियमित संचालन व साफ-सफाई में सहयोग करेंगे।

बैठक आयोजित

करौली, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी नादौती मंडल कि बैठक नादौती में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमरन सिंह खटाना ने की। मंडल नादौती पर भारतीय जनता पार्टी 6 अप्रैल अथवा 7 अप्रैल को स्थापना दिवस पर हर वूथ स्तर पर स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की योजना बनाई। वैठक को भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष महेन्द्र सिंह मीना ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि हमें सभी कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी का झण्डा फहराना है।नादौती मंडल के स्थापना दिवस के संयोजक -सुनील दत्त शर्मा,सह संयोजक- भगवान सहाय मीना,राहूल सिंह को जिम्मेदारी दी।शक्ति केन्द्रो पर प्रभारी एवं सहप्रभारीयो नियुक्त किए नादौती शक्ति केन्द्र पर प्रभारी जगदीश गुप्ता, सह प्रभारी विष्णु शर्मा सोप, शक्ति केन्द्र प्रभारी होडीलाल मीना, सह प्रभारी गोपाल शास्त्री, शहर शक्ति केन्द्र प्रभारी गोपाल शर्मा, सह प्रभारी कुवेर सिंह,चर्चित गिरी कैमरी, प्रभारी रुपषिह मास्टर, सह प्रभारी रौनक शर्मा,शेरसिंह कैमला, शक्ति प्रभारी राधेश्याम जाटव, ओमप्रकाश शर्मा,जितेन्द्र मीना रलावता, शक्ति केन्द्र प्रभारी राजबहादुर खटाना, सह प्रभारी प्रहलाद शर्मा,शिवचरण गुर्जर,बरदाला शक्ति केन्द्र प्रभारी मनमोहन शर्मा, सह प्रभारी राजेन्द्र सिंह पूर्विया सलावद, शक्ति केन्द्र प्रभारी वासुदेव मीना, सहप्रभारी संन्तोष पूर्विया को जिम्मेदारी दी।

बाल विवाह मुक्त अभियान को लेकर बैठक सम्पन्न

करौली, (निसं)। बाल विवाह मुक्त करौली अभियान के दूसरे चरण के अंतर्गत आज पंचायत समिति सभागार करौली में उपजिला मजिस्ट्रेट प्रेमराज मीना की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, सेवाप्रदाता, धर्मगुरु, सामुदायिक लीडर्स एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि बैठक में उपजिला मजिस्ट्रेट प्रेमराज मीना ने सभी को बाल विवाह मुक्त करौली अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि यह अभियान 31 मई तक चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य आखातीज, अक्षय तृतीया, पीपल पूर्णिमा, अबूझ सावों एवं सामाजिक स्तर पर आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलनों में बाल विवाह की रोकथाम एवं जन जागरूकता कार्यक्रम जो अभियान के अनुसार निर्धारित है। उनका सफल क्रियान्वयन करना है। उन्होंने बाल मैत्रीपूर्ण करौली अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बालश्रम, भिक्षावृति, तस्वीर एवं शोषण की रोकथाम के लिए सभी को निर्देश प्रदान किये। तहसीलदार कौशल गर्ग ने सभी को बाल विवाह एवं बाल मैत्रीपूर्ण करौली अभियान के अंतर्गत बाल संरक्षण कर बाल मैत्रीपूर्ण वातावरण स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा ने सभी को बाल विवाह मुक्त एवं बाल मैत्रीपूर्ण करौली अभियान के अंतर्गत वार्ड,ठाम पंचायत,ब्लॉक एवं जिला स्तर पर विभागीय गतिविधियों का सफल क्रियान्वयन करने एवं बाल संरक्षण मुद्दों से संबंधित शिकायत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर करने के लिए प्रेरित किया। सदस्य फजले अहमद ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर बाल विवाह की रोकथाम हेतु प्रेरित किया जाने की बात कही। जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने कहा कि जिले में बाल संरक्षण की जिम्मेदारी हम सबकी है बाल संरक्षण के मुद्दों के प्रति हम सबको गम्भीर होकर कार्य करने की आवश्यकता है। बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए आमजन को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी चाइल्ड हेल्पलाइन भीकमसिंह ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के कार्यो के पर प्रकाश डाला एवं बच्चों से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं की शिकायत करने के लिए प्रेरित किया। जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने कहा कि बाल संरक्षण को लेकर जिला प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड-यूनिसेफ द्वारा जिले में बाल मैत्रीपूर्ण एवं बाल विवाह मुक्त करौली अभियान चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य बाल विवाह की रोकथाम एवं आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणामों के साथ बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के संबंध में जागरूक करने एवं बाल मैत्रीपूर्ण करौली अभियान के अंतर्गत बालश्रम, भिक्षावृति, बाल तस्करी, बाल शोषण की रोकथाम एवं शिक्षा से वंचित बालको को शिक्षा से जोड़ना पात्र एवं वंचित बच्चों एवं उनके परिवार को जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर समाज की मुख्य धारा में लाकर बाल संरक्षण को प्रभावी बनाना है। उन्होंने कहा कि कहीं भी बाल विवाह होने की स्थिति में शीघ्र चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, नालसा हेल्पलाइन 15100 एवं जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 07464-251335 पर शिकायत करने हेतु आमजन को प्रेरित करने पर जोर दिया।